दिनांकः 12.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में 'कृषि–खाद्य श्रृंखला में महिलाओं की भागीदारी' पर वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला कलेक्टरों को रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज निजी विद्यालयों में आर.टी.ई. के तहत प्रवेश के लिए लॉटरी निकालेंगे।
- राज्य सरकार ने गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए 'गौ सेवा नीति–2026' लाने की घोषणा की।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में 'कृषि–खाद्य श्रृंखला में महिलाओं की भागीदारी' पर तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर में आयोजित इस सम्मेलन का विषय 'प्रगति को गति देना, नई ऊंचाइयों को छूना' रखा गया है। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026' के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। सम्मेलन में देश–दुनिया के 700 से अधिक वैज्ञानिक, नीति निर्माता और महिला किसान भाग ले रही हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

000

लोकसभा ने कल अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले विपक्ष के प्रस्ताव को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष का श्री बिरला की निष्ठा पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लगभग चार दशक के बाद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। श्री शाह ने कहा कि यह संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए खेदजनक है।

------------

इससे पहले, भाजपा के रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्ष, यह प्रस्ताव कुछ विपक्षी दलों के नेताओं के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए लाया है। वहीं, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें कई बार सदन में बोलने से रोका गया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने और वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। कल जयपुर में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। नागरिक आपूर्ति को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के सभी कार्मिकों के अवकाश निरस्त कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टरों को रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों में गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या या जानकारी के लिए सरकारी हेल्पलाइन नंबर 181 और 112 की सहायता लें। आपूर्ति की लगातार निगरानी के लिए राज्य और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किए जा रहे हैं।

उधर, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर देश भर में एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की समीक्षा के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान श्री मोहन ने सभी राज्यों को एलपीजी की कमी के

संबंध में आशंकाओं को दूर करने और झूठी अफवाहों का मुकाबला करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिये।

000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कल जयपुर में पर्यटन और संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए 200 करोड़ रुपये की बजट घोषणा क्रियान्वयन और 11 चिन्हित बावड़ियों के जीर्णोद्धार की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने पर्यटकों के लिए डे–नाइट बस टूर शुरू करने और लोक कलाकारों के लिए संभाग स्तर पर नृत्य उत्सव आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मीटिंग में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन और पर्यटन विकास के माध्यम से राज्य की लोक संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

-------------

000

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर आज पाली से निजी विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार–आर.टी.ई. के तहत प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय लॉटरी निकालेंगे। प्रदेशभर के निजी स्कूलों में पच्चीस प्रतिशत निःशुल्क सीटों पर विद्यार्थियों के चयन के लिए यह लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। श्री दिलावर पाली कलेक्ट्रेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसे संपन्न करेंगे। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों की सूची संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

000

युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए राज्य सरकार की स्वरोजगार योजना के तहत पाली जिला उद्योग कार्यालय की ओर से बिना ब्याज के ऋण की सुविधा दी जा रही है। 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक युवाओं के लिए सभी क्षेत्र में बिना ब्याज का लोन दिया जाएगा। जिला उद्योग अधिकारी, मोहम्मद रज़्ज़ाक ने बताया कि इसके लिए ई–मित्र के माध्यम से फॉर्म जमा कराये जा सकते हैं। 5 दिन में लोन को स्वीकृति दे दी जाएगी।

--------------

000

राज्य सरकार ने प्रदेश में गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए 'गौ सेवा नीति–2026' लाने की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य गोधन का विकास कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। नीति के तहत पंजीकृत गौशालाओं में बड़े पशुओं के लिए 50 रुपये और छोटे पशुओं के लिए 25 रुपये प्रतिदिन का अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ ही पशुपालकों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना और राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना भी संचालित की जा रही हैं।

वहीं प्रदेश की 457 ग्राम पंचायतों में गौ माता आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कल जयपुर में आयोजित एक दिवसीय वनस्पतिक बीज बैंक कार्यशाला में ये जानकारी दी। श्री दिलावर ने बताया कि प्रदेश के 30 जिलों में डेढ़ सौ वनस्पतिक बीज बैंक स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य स्थानीय प्रजातियों के बीजों का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि लगभग 388 करोड़ रुपये के बजट वाली गौ माता आश्रय स्थल योजना से गौ संरक्षण के साथ–साथ जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000